प्यासा कौआ

एक कौआ बहुत प्यासा था। गर्मी के कारण वह दूर नहीं जा सकता था। उसने इधर-उधर पानी ढूंढ़ा। वह एक बगीचे में गया। वहां एक बरतन पड़ा था। बरतन के तल पर थोड़ा-सा पानी था। कौए की चोंच वहां तक न पहुंच सकी। उसने चोंच में छोटे-छोटे कंकर उठाये। उसने वे कंकर बरतन में डाले। तल का पानी ऊपर चढ़ने लगा। आखिर कौए की चोंच पानी तक पहुंच गई। उसने आनन्द से पानी पी लिया और उड़ गया। बुद्धि से सब काम हो जाते हैं।

अभ्यास

इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :—

1. प्यासा कौन था ?

....

2. कौए ने बरतन कहां देखा ?

....

3. बरतन में पानी कितना था ?

....

4. पानी को ऊपर लाने के लिए कौए ने क्या किया ?

....